प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 13.01.2025 समय: 2.10PM

प्रधानमंत्री–महाकुंभ

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हो गया है। यह भव्य आयोजन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव है।

वहीं उत्तरप्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिये निगरानी की जा रही है।

सेवरखेड़ी परियोजना–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में 614 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत की सेवरखेड़ी–सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि–पूजन करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी उपस्थित रहेंगे। परियोजना से क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाए रखने के साथ ही उज्जैन को पेयजल के लिये पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

शराबबंदी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में साधु–संतों द्वारा दिए गए सुझावों पर राज्य सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। हमारा प्रयास है कि इन नगरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे, इसलिए राज्य सरकार नीति में सुधार कर, जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

लोहडी–मकर सक्रांति–शुभकामनाए

आज लोहड़ी का त्यौहार है। यह उत्तर भारत का पारंपरिक त्योहार मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में धूमधाम से मनाया जाता है। लोहड़ी का त्योहार फसल की कटाई और बुआई की खुशी में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी तथा मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्योहार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और सभी के जीवन में उत्साह और खुशियां लाते हैं। उन्होंने कहा कि ये त्योहार देश के विभिन्न क्षेत्रों में विविध रूपों में मनाए जाते हैं और प्रकृति से जुड़े

रहने का एहसास कराते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी लोहड़ी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को मालवा–निमाड़ यानी, इंदौर–उज्जैन संभाग में बादल और बूंदाबांदी होने के आसार हैं। जबकि 15 जनवरी को आधे राज्य में बादल और बूंदाबांदी होने का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर भी इसमें शामिल हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की एक्टिविटी होने से मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कल 14 जनवरी को इंदौर, उज्जैन, आगर–मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर में बादल रहेंगे। कहीं–कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। 15 जनवरी को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर समेत 33 जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। 16 जनवरी को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी और अशोकनगर में बादल और बूंदाबांदी के आसार है।

## खो खो विश्व कप

खो खो विश्व कप 2025 आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा समर्थित खो–खो विश्व कप के पहले संस्करण में 20 पुरुष और 19 महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में मौसम के बदलते मिजाज ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण यहां दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आई है।

............................